# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही छ.ग.

शासकीय आयुर्वेद औषधालय गौरेला, गोरखपुर (रेलवे फाटक के पास), जिला जी.पी.एम.(छ.ग.) 495117

Email ID- cgayush.gpm@gmail.com

क्रमांक / स्था / 2023 / 1148-1153 गौ.पे.मरवाही, दिनांक 25/5/23

## //विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्र. एफ–13 / 2023 / आ.प्र. / 1–3, दिनांक 03 / 05 / 2023 एवं संचालनालय (आयुष) छ0ग0 के पत्र क्र. / 23–2 / 1 / स्था / अराज / 2023 / 1675 नवा रायपुर दिनांक 12 / 05 / 2023 के निर्देशानुसार चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से 20.06.2023 सायं 05:30 बजे तक रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

रिक्त पदों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:–

| क्र. | पद का नाम | अनारक्षित | | | | | अनुसूचित जाति | | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | | अ.पि.वर्ग | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मु | पु. | म. | वि. | भू. सै. | मु | पु. | म. | वि. | भू. सै. | मु | पु. | म. | वि. | भू. सै. | मु | पु. | म. | वि. | भू. सै. | |
| 01 | औषधालय सेवक | 02 | – | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 02 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 05 |
| 02 | भृत्य | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| योग | | 02 | – | 01 | – | | – | – | – | – | | 03 | – | – | – | | – | – | – | – | – | 06 |

(मु.–मुक्त, पु.–पुरूष, म.–महिला)

टीप:– विस्तृत जानकारी जिले की वेबासाईट gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in से प्राप्त करें।

**वेतनमान:**– वेतनमान रू 15600–49400 (लेवल–1) एवं शासन द्वारा समय–समय पर देय मंहगाई भत्ता आदि।

1. **शैक्षणिक योग्यता:**–
   1. शासन अथवा शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से आठवी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण।
2. **आयु सीमा:**–उम्मीद्वार की आयु 01 / 01 / 2023 की स्थिति में न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय सेवारत उम्मीदवारों को राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये आदेशों के अनुरूप अधिकतम आयु सीमा में छुट की पात्रता होगी। यह छुट 45 वर्ष तक के लिए ही मान्य होगा।
3. **चयन प्रकिया:**–
   1. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।
   2. चयन आठवीं में प्राप्त अंको के मैरिट के आधार पर किया जायेगा।
   3. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।
   4. अर्हकारी परीक्षा में पूर्णांक एवं प्राप्तांक की जगह ग्रेड पद्धति के आधार पर अगर मूल्यांकन किया गया है तब जिस संस्था / स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है उनके प्रमुख से उक्त ग्रेड को पूर्णाक, प्राप्तांक एवं प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण–पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करेंगे जिस पर चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।



Scanned with OKEN Scanner

4: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथिः–

1. आवेदन निर्धारित प्रारूप में वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति के साथ संलग्न कर दिनांक 20.06.2023 तक केवल **पंजीकृत ड़ाक/स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, गौ.पे.मरवाही, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गौरेला, गोरखपुर (रेलवे फाटक के पास), जिला जी.पी.एम.(छ.ग.) 495117 में कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये, अन्य माध्यमों एवं निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वीकार नही किया जावेगा। भेजने वाले लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से उल्लेखित करेंगें।**

5. आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दिशा निर्देशः–

1. आवेदन प्रारूप के अनुसार ए–4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करे। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ–साफ अक्षरों में भरा जाना चाहियें। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण पता लिखा हुआ "4x8" का दो लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग लिफाफे में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे। आवेदक का नाम/पता स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना आवश्यक है।
4. आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, साथ ही नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
5. शासकीय सेवा में सेवारत कर्मचारी उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करें एवं आवेदन के साथ कार्यालय प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

6. नियम व शर्ते

1. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1–1/2017/1–3 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.07.2020 के साथ संलग्न राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक एफ 1–1/2017/1–3 दिनांक 28.07.2020 के तहत किसी सेवा या पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त "किसी भी व्यक्ति को प्रथमतः 03 वर्ष की परिवीक्षा पर रखा जावेगा" एवं वित विभाग द्वारा जारी आदेश इन नियुक्तियों पर पूर्णरूपेण लागू होगें।
2. चयनित अभ्यर्थी को 03 वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर नियुक्ति किया जायेगा। परीवीक्षा अवधि पर उन्हें निम्नानुसार स्टायपेड देय होगाः–

   प्रथम वर्ष :– पद के वेतनमान का 70 प्रतिशत
   द्वितीय वर्ष :– पद के वेतनमान का 80 प्रतिशत
   तृतीय वर्ष :– पद के वेतनमान का 90 प्रतिशत

   परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेड के साथ अन्य भत्ते शासकीय सेवक की तरह प्राप्त होते रहेंगे। परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर जब वह सेवा या पद पर स्थाई की किया जाता है, तब कर्मी का वेतन, उस सेवा या पद को लागू समयमान का न्यूनतम नियत किया जावेगा।
3. उपरोक्त भर्ती प्रकिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के आदेशों के अध्याधीन होगी।
4. उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों की संख्या परिर्वतनीय होगी जिसे कम/ज्यादा किया जा सकता है और निरस्त भी किया जा सकता है।
5. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये छ0ग0 का मूल निवासी प्रमाण–पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, के उम्मीदवार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।



Scanned with OKEN Scanner

7. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की (शासकीय सेवकों को छोडकर) स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जावेंगे, अमान्य किये गये आवेदन पत्रों के संबंध में कोई पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।
9. जन्म तिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. उम्मीदवार का चयन छ.ग. शासन द्वारा जारी निर्देशों व मार्गदर्शी सिद्धांतो तथा मापदण्डो के अनुसार, निर्धारित योग्यता में मेरिट के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा। तथा चयन समिति का निर्णय सर्व मान्य होगा।
11. विवाहित महिला उम्मीदवारों को नाम, उपनाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
12. शासकीय/अर्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों का अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
13. छ.ग. सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम 05 एवं 06 की पात्रता/अर्हताएं रहेगी।
14. भर्ती प्रकिया के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लिये जाने के लिए कार्यालय प्रमुख के पास सर्वाधिकार सुरक्षित रहेंगे।
15. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय में जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही के सूचना पटल पर देखे जा सकते हैं।
16. उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही करें अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।
17. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त वांछित दस्तावेजों एवं आठवीं परीक्षा प्रमाण–पत्र की छायाप्रति स्व प्रमाणित होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
18. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।
19. कोई भी उम्मीदवार, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
20. चयन संबंधी अन्य बिन्दुओं पर निर्णय भर्ती समिति के प्रतिवेदन के आधार पर जिलाधीश द्वारा लिया जाएगा।

25.5.23

जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)

क्रमांक/स्था./2023/ 1148-1153 गौ.पे.मरवाही, दिनांक 25/5/23
प्रतिलिपिः–

1. संचालक, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.) सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी, Nic गौ.पे.मरवाही को सूचनार्थ एवं जिले की वेबासाईट gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in अपलोड करने हेतु।
4. उप संचालक, जिला जनसम्पर्क विभाग को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

25.5.23

जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)



Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ स्वप्रमाणित फोटो चिपकाएँ

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकरी,
जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, छ0ग0

1. विज्ञप्ति कमांक व दिनांक :– ............................................................
2. आवेदित पद का नाम :– ............................................................
3. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ............................................................
4. पिता/पति का नाम :– ............................................................
5. जन्मतिथि (अंको में) :– दिन..................माह..................वर्ष..............................
   आयु दिनांक 01.01.2023 को :– दिन..................माह..................वर्ष..............................
6. राष्ट्रीयता :– ............................................................
7. आवेदक की श्रेणी :– ............................................................
8. स्थाई पता :– ............................................................
9. वर्तमान पता (पत्र व्यवहार हेतु) :– ............................................................
   :– ............................................................
   :– ............................................................

10. **शैक्षणिक योग्यता**

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि.का नाम | प्राप्तांक/पूर्णाक | विषय | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।**

11. क्या आप विवाहित है (हाँ/नही)
12. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि................................................।
13. जीवित बच्चों की संख्या.......................................।

| क. | नाम | लिंग | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |
| | | | |



Scanned with OKEN Scanner

14. संलग्नों की सूचीः–

| | |
|---|---|
| 1. ........................................................................ | 2. ........................................................................ |
| 3. ........................................................................ | 4. ........................................................................ |
| 5. ........................................................................ | 6. ........................................................................ |
| 7. ........................................................................ | 8. ........................................................................ |

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ..........................................................

पता ..........................................................

घोषणा पत्र

मैं निष्ठा पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्णतः सही है। यदि कोई भी जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा चयन अथवा नियुक्ति भी निरस्त की जा सकती है।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम..................................................

पता..................................................

मो.नं..................................................

स्थानः– ........................................

दिनांकः– ........................................



Scanned with OKEN Scanner